




## पूर्व आइएएस अधिकारी डॉ रणेंद्र ने सीपीआइ की ली सदस्यता

# 23 मार्च से 14 अप्रैल तक चलेगा जनअभियान: डी राजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीपीआइ के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने कहा कि झारखंड में जल, जंगल, जमीन को कॉरपोरेट घरानों द्वारा लूटा जा रहा है। राज्य सरकार लूट रोकने में विफल रही है। लगातार झारखंड की खनिज संपदाओं की लूट हो रही है। राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पांच साल से अधिक समय से झारखंड में सरकार चला रही है, लेकिन सदन में झारखंड की ज्वलंत समस्याओं की चर्चा नहीं हो रही है। केवल अपनी ही सुख-सुविधाओं की चर्चा की जा रही है। वे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के रांची स्थित राज्य कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। डी राजा ने कहा कि 23 मार्च से लेकर 14 अप्रैल तक लगातार जन अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने अपने संगठन का जिक्र करते हुए कहा कि शाखाओं से लेकर अंचल, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन निश्चित किये गये हैं। वहीं एटक के राज्य सचिव अशोक यादव के साथ काम करने वाले 45 मजदूरों सहित पूर्व आइएएस अधिकारी सह राष्ट्रीय प्रगतिशील लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रणेंद्र ने पार्टी की सदस्यता ली। डी राजा ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया और पार्टी को आगे बढ़ाने में सहयोग की अपील की। इस मौके पर पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, एटक के राज्य सचिव अशोक यादव, भारतीय खेत मजदूर यूनियन के सचिव इम्तियाज खान, दलित अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार भंते, मजदूर नेता गणेश कुमार सिंह, युवा नेता संतोष रजक मौजूद थे। डी राजा ने कहा कि झारखंड बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी झारखंड में हिंदू-मुसलमान के नाम पर लोगों की बांटती रही है, लेकिन हेमंत सरकार भी जनता से किये गये अपने वादे को और घोषणा पत्र में किये गये वादे को भूल गयी है। मंईयां सम्मान योजना का लाभ भी सभी लाभुकों को नहीं मिल रहा है। हेमंत सरकार द्वारा किया गया वादा भूमि बैंक को रद्द करने, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने, किसानों को किसान पेंशन देने, सामाजिक सुरक्षा की गारंटी, असंगठित मजदूरों को 26000 रुपये न्यूनतम मजदूरी निर्धारित करने, स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति, विस्थापन आयोग एवं विस्थापन नीति राज्य सरकार भूल गयी है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। हाजीपुर में 04 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिये। रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

### जेन ऑस्टेन की 250वीं वर्षगांठ पर मारवाड़ी महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची के जेसी बोस सभागार में अंग्रेजी विभाग की ओर से प्रख्यात अंग्रेजी लेखक जेन ऑस्टेन की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय था लव मैरिज एंड सोशल स्टेटस इन द नोवेल्स ऑफ जेन स्टेन। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ बीपी सिन्हा, प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग रांची विश्वविद्यालय रांची ने कहा कि जेन स्टेन के उपन्यासों में विशेष रूप से प्राइड एंड प्रिजुडिस और सेंस एंड सेंसिबिलिटी, में यह संदेश स्पष्ट है कि सफल विवाह के लिए भावनात्मक और बौद्धिक संगतता आवश्यक होती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने इस आयोजन के लिए विभाग की प्रशंसा की और गुणवत्ता शिक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विशिष्ट अतिथि एवं सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ पंचानन महतो ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मारवाड़ी कॉलेज तत्परता के साथ विद्यार्थियों के हित में समय-समय पर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। कार्यक्रम में कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का अंत धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेट रोनाल्ड पंकज खलखो ने दिया।

### अबुआ अधिकार मंच का प्रतिनिधिमंडल कल्याण आयुक्त से मिला

रांची (आजाद सिपाही)। अबुआ अधिकार मंच का एक प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के संयोजक अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा से मिला और छात्रों की छात्रवृत्ति की बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि राज्य के लगभग सभी विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में 50 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राओं को अब तक स्कॉलरशिप राशि की प्राप्ति नहीं हुई है, जिससे वे काफी परेशान हैं। कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार द्वारा 141 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति भुगतान के लिए सभी जिलों को भेज दिये गये हैं और 31 मार्च तक सभी छात्र-छात्राओं की बकाया छात्रवृत्ति राशि का भुगतान कर दिया जायेगा। इस मौके पर रोहित चौधरी, मनजीत कुमार, आकाश नयन, सुमित कुमार, आदित्य कुमार सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### चुटिया में श्रीराम कथा का आयोजन 20 अप्रैल से

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के चुटिया में भव्य तरीके से श्री राम कथा का आयोजन आगामी 20 से 29 अप्रैल को हाई टेंशन दुर्गा मंदिर के समीप किया जायेगा। इसमें मुख्य रूप से लक्ष्मी कुबेर यज्ञ, आयुर्वेद शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। इस राम कथा में मुख्य कथा वाचक श्री श्री 1008 महात्मा मंडलेश्वर ब्राह्मयांड स्वामी पुरी महराज होंगे। इस संबंध में मंगलवार को श्री राम कथा के भव्य आयोजन की सफलता के लिए महात्मा साई संजीवनी सेवा की ओर से समीर सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में इस आयोजन की सफलता के लिए सर्वसम्मति से नयी कमेटी का गठन किया गया। इसमे संयोजक ब्रजेश कुमार, मदन सिंह, कैलाश केसरी, अश्विनी शर्मा को बनाया गया। अध्यक्षः समीर सिंह, मीडिया प्रभारीः विजय शंकर नायक, कार्यकारी अध्यक्षः ममता देवी, उमेश कुमार राय, शिव कुमार वर्मा, उपाध्यक्षः विनय कुमार दुबे (पहलवान) पिंकी सिंह, रुक्मणी देवी, अमर कुमार शास्त्री, कामता यादव सचिवः कुमार सावन, सह सचिवः संजय सिन्हा, अजय कुमार, श्याम किशोर सिंह, श्याम पांडेय, प्रमोद ठाकुर, लव कुश यादव, विजेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्षः सत्यम कुमार दत्ता सह कोषाध्यक्षः चंद्र देव ठाकुर, लेखापालः अमर वर्मा, शिवानी सिंह, सह लेखापालः हर्षित कुमार, सुगम कुमार, सदस्यताः बिट्टू प्रसाद बनाये गये हैं।

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की गड़बड़ियों की जांच सीबीआइ को सौंपें : बाबूलाल मरांडी



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने सीजीएल एवं जेएसएस सी परीक्षा में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार की जांच सीबीआइ को अविलंब सौंपने की मांग की। श्री मरांडी ने कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि झारखंड सीआइडी ने जेएसएससी सीजीएल मामले में गोड्डा और गिरिडीह जिले से करीब आठ कांस्टेबलों को गिरफ्तार किया है। अब तो यह स्पष्ट हो चुका है कि जेएसएससी सीजीएल में गड़बड़ी हुई है। साथ ही, यह भी स्पष्ट है कि इस बड़े फर्जीवाड़े में सरकार से जुड़े प्रभावशाली लोगों का हाथ हो सकता है। कहा कि ऐसा लग रहा है कि बड़ी मछलियों को बचाने के लिए छोटी मछलियों की बलि चढ़ायी जा रही है। कहा कि सरकार को तुरंत सीजीएल परीक्षा रद्द कर एक उच्च स्तरीय जांच सीबीआइ से करवानी चाहिए और इस घोटाले में शामिल सफेदपोशों को हिरासत में लेना चाहिए।




# पंजाब ने गुजरात को 11 रन से हराया

## रोमांचक मुकाबला आखिरी ओवर तक चला, श्रेयस अय्यर ने 97 रनों की पारी खेली

एजेंसी



**अहमदाबाद।** आइपीएल 2025 का पांचवां मैच गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। इस मैच में पंजाब टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 243 रन बनाए और इसके जवाब में गुजरात की टीम निर्धारित 20 ओवर में 232/5 रन बना पायी।

पंजाब किंग्स ने इस तरह गुजरात को 11 रन से मात देकर अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया। गुजरात की टीम की तरफ से सबसे ज्यादा साई सुदर्शन ने 74 रन बनाये।

पंजाब किंग्स के 17वें कप्तान बने श्रेयस अय्यर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार बैटिंग की। पंजाब की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए शानदार शुरूआत की थी। प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य के बीच पहले विकेट के लिए 28 रनों की साझेदारी हुई। कगिसो रबाडा ने विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन को अरशद खान के हाथों कैच आउट कराया। अपने पहले मैच में प्रियांश ने 23 गेंदों पर 47 रन बनाये। राशिद खान ने उन्हें साई सुदर्शन के हाथों कैच आउट कराया।

इसके बाद मैच में श्रेयस अय्यर ने 42 गेंदों में 97 रन की नाबाद पारी खेली। उनका स्ट्राइक रेट 230 का रहा। उनकी पारी में 5 चौके और 9 छक्के रहे। श्रेयस इस तरह आईपीएल में अपना पहला शतक जड़ने से महज 3 रन से चूक गये। आखिरी ओवर में लग रहा था कि शशांक सिंह अय्यर को शतक बनाने का मौका देंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। आखिरी ओवर में शशांक ने 4 चौके लगाए और वह 16 गेंदों पर 44 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब की टीम ने इस तरह निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 243 रन बनाये।

**ग्लेन मैक्सवेल के नाम जुड़ा आइपीएल का सबसे शर्मनाक रिकॉर्ड :** ग्लेन मैक्सवेल के नाम आईपीएल का सबसे शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ा। ग्लेन मैक्सवेल पंजाब किंग्स की तरफ से गुजरात के खिलाफ मैच में अपना खाता तक नहीं खोल पाये। साई किशोर ने उन्हें पहली गेंद पर आउट किया। इस तरह वह आईपीएल में् सबसे ज्यादा बार (19 बार) जीरो पर आउट होने वाले बल्लेबाज बन गये।

**गुजरात टाइटंस की तरफ से साई सुदर्शन और बटलर की पारी गयी बेकार :** पंजाब द्वारा मिले 244 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस की शुरूआत अच्छी रही। गुजरात की टीम की तरफ से साई सुदर्शन ने आक्रामक अंदाज में बैटिंग की। उन्होंने 41 गेंदों का सामना करते हुए 4 चौके और 6 छक्कों की मदद से 74 रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 180 का रहा। कप्तान शुभमन गिल 33 रन बनाकर मैक्सवेल का शिकार बने। वहीं, विकेटकीपर जोस बटलर ने अंत तक गुजरात की टीम को मजबूती देने का काम किया। उनका साथ शेरफेन रदरफोर्ड ने दिया, लेकिन साई सुदर्शन, बटलर और ना ही रदरफोर्ड की पारी गुजरात के काम आयी। गुजरात की टीम निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 232 रन ही बना सकी।

# 5 वर्षों में 159 सरकारी अधिकारियों ने अपनी नौकरी खो दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा सरकार ने पिछले पांच वर्षों में भ्रष्टाचार में लिप्त रहने के कारण 120 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है और 39 अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी है, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने यह भी बताया कि सरकार ने इन लोगों की 59.47 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली। यानी जो संपत्ति उन्होंने गलत तरीके से बनाई थी, उसे सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया। बीजद विधायक ध्रुव चरण साहू के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा, कुल मिलाकर, 120 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि अन्य 39 अधिकारियों को 2020 और 2024 के बीच भ्रष्टाचार में लिप्त होने और आय से अधिक संपति जमा करने के आरोप में अनिवार्य सेवानिवृत्ति लेने के लिए मजबूर किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन लोक सेवकों की 59.47 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। इससे साफ है कि ओडिशा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री का कहना है कि जो लोग गलत तरीके से पैसे कमाते हैं या सरकारी नौकरी का गलत इस्तेमाल करते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी । वर्षवार ब्यौरा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 में 31, 2024 में 30, 2020 में 27 और 2021 तथा 2022 में 16-16 सरकारी अधिकारियों को बर्खास्त किया गया। उन्होंने कहा कि 2021 में 23, 2022 में 13 और 2020, 2023 तथा 2024 में तीन4-तीन अधिकारियों को समय से पहले सेवानिवृत्ति दी गयी।

# पांच रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए ड्यूटी के दौरान उनके समर्पण, सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के लिए पांच रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह पूर्व तट रेलवे मुख्यालय रेल सदन भुवनेश्वर में अतिरिक्त महाप्रबंधक और प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। उनकी असाधारण सेवा के लिए सम्मानित किये गये पांच कर्मचारी हैं - चंद्रगीर कुमार राउत वरिष्ठ सहायक लोको पायलट खुर्दा रोड; उपेंद्र कुमार वरिष्ठ मालगाड़ी प्रबंधक टिटलागढ़; सुरेश गागाराय ट्रैक मेंटेनर-हरिचंदपुर; सुधांशु शेखर दास, गोरखनाथ के मेंटेनर-द्वितीय और मनबर (कोरापुट) के ट्रैक मेंटेनर-, किलो सोनू। महाप्रबंधक फूंकवाल ने इन कर्मचारियों की उल्लेखनीय सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के लिए सराहना की, जो रेलवे नेटवर्क के सुचारू और सुरक्षित कामकाज को बनाए रखने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रेलवे कर्मियों का समर्पण यात्री सुरक्षा और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रेलवे कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हुए, फूंकवाल ने रेलवे परिचालन के हर चरण में सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी रेलवे कर्मचारियों से सतर्क, सजाग और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने का अनुरोध किया रेलवे कर्मचारियों के अथक प्रयास सुरक्षित और कुशल रेलवे प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री, केंद्रीय कोयला मंत्री और नवीन जिंदल ने डॉ देवेंद्र प्रधान को श्रद्धांजलि दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** देश भर से मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, विधायक, सांसद, भाजपा संगठनात्मक नेतृत्व, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, विभिन्न संगठनों के प्रमुख लोग, विभिन्न राज्यों और केंद्रों के प्रशासनिक अधिकारी ओडिशा भाजपा के पूर्व सभापति स्वर्गत डॉ देवेंद्र प्रधान को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मंगलवार को स्वर्गत डॉ प्रधान की मृत्यु के नौवें दिन, उनका तालचेर हांडीधुआं निवास में पूरे दिन लोकारण्य देखा गया। डॉ प्रधान को श्रद्धांजलि देने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति पहुंच रहे हैं। आज उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धांजलि देने पहुंचे और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और उनके परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की वहीं, केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे भी आये और श्रद्धांजलि दी , त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद बिप्लब देव ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसी तरह सांसद और उद्योगपति नवीन जिंदल ने भी स्वर्गत डॉ देवेंद्र प्रधान को श्रद्धांजलि दी। बिहार के नगर विकास मंत्री जिबेश कुमार और जल आपूर्ति मंत्री नीरज सिंह बब्लू, सांसद किरण चौधरी, सांसद कार्तिक शर्मा, सांसद डॉ. अनिल गुप्ता, सांसद धर्मबीर सिंह चौधरी, एमएलसी अशोक कटारिया, एमएलसी शरत गर, ढेंकानाल सांसद रुद्र नारायण पाणी, विधायक योगेन्द्र राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुदर्शन सोलंकी राज्य के बाहर से वरिष्ठ भाजपा नेता और सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे और स्वर्गत डॉ. देवेंद्र प्रधान को श्रद्धांजलि दी साथ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और परिवार से मुलाकात की।


**सार्वजनिक अधिसूचना**

**रेलवे सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व सर्किल दिनांक 27.03.2025 को रांची मंडल के परबाटोनिया-ओरगा स्टेशनों के बीच नवनिर्मित दोहरी लाइन का निरीक्षण करेंगे**

एतदद्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व सर्किल, कोलकाता **दिनांक 27.03.2025 को** रांची मंडल के परबाटोनिया-ओरगा स्टेशनों के बीच नवनिर्मित दोहरी लाइन का उद्घाटन हेतु निरीक्षण करेंगे। **दिनांक 27.03.2025 को** इंस्पेक्शन स्पेशल, मोटर ट्रॉली, पुश ट्रॉली आदि द्वारा आवश्यक निरीक्षण किया जाएगा तथा इंस्पेक्शन स्पेशल द्वारा स्पीड ट्रायल किया जाएगा।

सड़क उपयोगकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों और अन्य उपयोगकर्ताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना को ध्यान में रखें और लाइन पार करते समय पर्याप्त सुरक्षा सावधानी बरतें और अतिक्रमण से बचें।

(PR-1272) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), गार्डन रीच

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**सूचना**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पतरातू में RBSK Mobile Health Team के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक वाहन चालक, मालिक अपनी निविदा एवं गाड़ी के कागजात के साथ एक सप्ताह के अंदर रजिस्टर डाक, कोरियर अथवा हाथों–हाथ कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगें

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पतरातू।
(रामगढ़।)

**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय
सुश्री साक्या कौशर
सिविल जज जूनियर डिवीजन
नगर उंटारी
O.S.-75/2023
सीताराम महरा वगै० ...... वादीगण बनाम्
1. उपायुक्त महोदय, गढ़वा पोस्ट + थाना + जिला - गढ़वा
2. अंचल पदाधिकारी भवनाथपुर पोस्ट+थाना-भवनाथपुर, जिला-गढ़वा
3. सर्वेकम बन्दोबस्त पदाधिकारी गढ़वा सह मेदिनीनगर, पलामू पोस्ट थाना-मेदिनीनगर, जिला-गढ़वा

चूं वजरिय इस नोटिश से आप लोगो को सूचित करना है कि आपलोगो के विरुद्ध मेरे न्यायालय में औरिजनल सूट नं0 75/2023 लम्बित है। जिसमें अपलोगो की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप दिनांक 28/04/2025 समय 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी।

आज दिनांक 17/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से निर्गत

हस्ताक्षर
सिवील जज जूनियर डिवीजन
नगर उंटारी

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**


भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। (1) निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-साउथ-24-25-59, दिनांक: 24.03.2025। **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण)/ चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन राजखरसावां-पदापहाड़, पदापहाड़-जारोली, पदापहाड़-बोलानीखदान, जीएक्स प्रमुख खंड में विभिन्न यार्डों की विभिन्न लूप लाइन में 15.176 टीकिमी. के लिए सम्पूर्ण ट्रैक नवीकरण {सीटीआर (एस)}। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,95,35,659.04। **बयाना राशि:** ₹ 2,97,700। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0। **खुलने की तारीख:** 16.04.2025। (2) निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-सेंट्रल-24-25-60, दिनांक: 21.03.2025। **कार्य का नाम:** (i) करमपादु स्टेशन से एमबीआर साइडिंग के टेकऑफ पॉइंट के नियंत्रण के सम्बन्ध में एमबीआर बिल्डिंग का निर्माण कार्य। (ii) बिमलगढ़ जंक्शन- सी एंड डब्ल्यू स्टोर तथा स्टाफ रूम सहित एग्जामिनेशन सुविधाओं में रोलिंग का प्रावधान तथा (iii) रिले रूम- 3.6 x 3.1 वर्ग मी., आईपीएस रूम- 2.5 x 3.1 वर्ग मी. तथा बैटरी रूम- 1.8 x 3.1 वर्ग मी. के लिए अभियांत्रिकी कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 78,10,902.78। **बयाना राशि:** ₹ 1,56,200। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0। **खुलने की तारीख:** 15.04.2025। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-I I I डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)।
(PR-1270)

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# बिजली चोरी के खिलाफ सिमलिया में छापेमारी

**3 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, 45 हजार का लगा जुर्माना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम ने मंगलवार को इलाके के रातु सिमलिया नया टोली में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल हिमांशु वर्मा के नेतृत्व में की गई छापेमारी में सिमलिया नयाटोली के 3 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर कुल 44,563 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरोपियों में शिव नारायण मिंज पिता चारो मिंज पर 8738 हजार, राजेश कुमार सिन्हा पिता स्व भीम लाल प्रसाद पर 21,845 हजार व गीता देवी पति बिरजू राम पर 13980 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सभी सिमलिया नया टोली के रहने वाले है। मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने रातू थाने में प्राथमिक दर्ज करायी है।

## नामकुम में धूमधाम से निकली भव्य शिव बारात



नामकुम (आजाद सिपाही)। शिव महापुराण कथा स्थल से मंगलवार दोपहर भव्य शिव बारात निकाली गयी। यह यात्रा पूरे धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ सदाबहार चौक स्थित कथा स्थल से शुरू होकर नामकुम बाजार, टाटा रोड बजरंगबली मंदिर, चाय बागान, काली नगर, लाल साहब कंपाउंड, खिजरी होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे जोश और श्रद्धा के साथ शिव बारात का स्वागत किया। शिव बारात में शामिल श्रद्धालुओं ने भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश और अन्य देवताओं की भव्य झांकियों के दर्शन किए। शिव बारात के इस भव्य आयोजन में कई गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय श्रद्धालु शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से अनिल सिंह, शत्रुधन तिवारी, मिथलेश पांडे, कौशल सिंह, प्रमोद सिंह, मनोज सिंह, धनंजय त्रिपाठी, चक्रधर मेहता, विमल घोष, मनोज ठाकुर, प्रीति देवी, उर्मिला देवी, अंजू देवी, अखिलेश यादव, पिंकी देवी, रमाकांत सिंह आदि की उपस्थिति रही।

## जिस घर में शिव बसते हैं, वहां समस्त परिवार के लोग खुश रहते हैं : स्वामी प्रेम मूर्ति निरजानंद शास्त्री



नामकुम (आजाद सिपाही)। नामकुम सदाबहार चौक मां दुर्गा के प्रांगण मे शिव पुराण कथा का उद्घाटन हिंद सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विश्व हिंदू परिषद के मार्ग दर्शक स्वामी दिव्यानंद जी महाराज व प्रदेश भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह ने प्रथम दिन किया था। चौथे दिन प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार व मनोज कुमार सिंह, ने दीप प्रज्ज्वलित कर कथा आरंभ कराया। इस अवसर पर विजय कुमार ने कहा की शिव पुराण आज के समय मे बहुत प्रासंगिक है, शिव परिवार हम एकता मे रहने का संदेश देती है। भाग दौड़ की ज़िंदगी मे ऐसे आयोजन से लोगों का झुकाव आध्यात्म की ओर बढ़ता है, घर मे सुख शांति प्रवेश करती है। मौके पर आयोजन समिति के मनोज कुमार सिंह, दुर्गा शंकर झा, गोविंद झा, अरविंद झा, अनिल सिंह, शत्रुधन तिवारी, मिथिलेश पांडेय, अरूण तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नरकोपी थाना में हुई शांति समिति की बैठक



बेड़ो (आजाद सिपाही)। रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व को लेकर मंगलवार को नरकोपी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी नागेश्वर साव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व हमें प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने सभी समुदायों से आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण माहौल में सभी पर्व मनाने की अपील किया। बैठक में प्यारी केरकेट्टा, गंगी कुमारी, सज्जाद अंसारी, कौशल पांडेय, बलवीर सिंह, रोहित साहु, विजय साहु, बिहारी टोप्पो, तबारक अंसारी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## लापुंग थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग थाना परिसर में पुलिस उपाधीक्षक बेड़ों अशोक कुमार राम और प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज की अध्यक्षता में सरहुल, ईद उल फितर और रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुआ। इस बैठक में डीएसपी अशोक कुमार राम ने कहा कि प्रकृति पर्व सरहुल, ईद व रामनवमी का त्योहार को शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्दय पूर्ण वातावरण में मनाने को कहा। मौके विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, जयंत बारला, जन्मेजय पाठक, मंगल साहू, गंगाधर साहू, प्रमुख कंचन उरांव, थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, इमरान खान, नसीम आलम, कंचन साहू, जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, मुखिया सविता उरांव, विरसमुनि देवी, मालती रानी केरकेट्टा, सरोज मुंडा, वैध बंधन सिंह खेरवार के अलावे अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति की बैठक संपन्न

नामकुम (आजाद सिपाही)। श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम की बैठक रविवार को समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जानकारी दी गयी कि 6 अप्रैल (रविवार) को शाम 4 बजे सभी अखाड़ों की झांकियां और जुलूस नामकुम बाजार अखाड़ा में पहुंचेंगे। समिति अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में नारी सेना मैदान में तैनात रहेगी। बैठक में मुखिया अनिता तिर्की, रिंकू राय, बिकु सिंह, छोटू गोप, संजीव सिंह, प्रभु दयाल बड़ाइक, शारदा देवी, रूपा चौहान, अनिल सिंह, सुबोध सिंह, सुषमा देवी सहित बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

# नामकुम में उपले के ढेर से 9 एमएम पिस्तौल और गोली बरामद, आरोपी भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** नामकुम थाना क्षेत्र में होली के दिन हुए हिंसक विवाद से जुड़े मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नामकुम खटाल निवासी आरोपी रामकुमार यादव की निशानदेही पर उसके घर के पास उपले (गोइठा) के ढेर से 9एमएम पिस्तौल और एक जिंदा गोली बरामद की है। गौरतलब है कि होली के दिन नामकुम खटाल और जोरार बस्ती के लोगों के बीच जमकर मारपीट हुई थी, जिसमें जोरार बस्ती के कुछ युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान घायलों में से सोनू मुंडा नामक युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी।

**पिस्तौल लहराने का वीडियो आया सामने :** जांच के दौरान पुलिस को एक वीडियो फुटेज हाथ लगा, जिसमें एक युवक हाथ में पिस्तौल लहराते हुए नजर आया। इस वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान रामकुमार यादव के रूप में हुई, जो पहले से ही मारपीट की प्राथमिकी में नामजद था। पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए दबाव बना रही थी, जिसके चलते आरोपी रामकुमार यादव ने बीते बुधवार को रांची न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी के आत्मसमर्पण के बाद पुलिस ने अदालत से उसका रिमांड मांगा, जिसे मंजूर करते हुए दो दिन की रिमांड दी गयी। पुलिस रिमांड के दौरान रामकुमार यादव ने पिस्तौल लहराने की बात स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने नामकुम खटाल स्थित उसके घर के पास उपले के ढेर में छिपाकर रखे गये 9एमएम पिस्तौल और एक जिंदा गोली को बरामद किया।

**आर्म्स एक्ट के तहत नया मामला दर्ज, आरोपी जेल भेजा गया:** पुलिस ने बरामद हथियार को जब्त कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एक और मामला दर्ज कर लिया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी के पास हथियार कहां से आया और इसका इस्तेमाल किन घटनाओं में किया गया था।

## सरहुल, ईद व रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय



बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में मंगलवार को प्रकृति पर्व सरहुल, ईद व रामनवमी पर्व सह शोभायात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी प्रताप मिंज की अध्यक्षता में हुई। जिसमें तीनों त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी 31 मार्च, एक व दो अप्रैल को सरहुल पूर्व संध्या, पूजा व शोभायात्रा में लोगों का महजुटान महादानी मैदान में होगी। इधर रामनवमी पर्व पर चर्चा के दरम्यान निकलने वाले जुलूस में लोगों की संख्या, जुलूस का रूट चार्ट,जुलूस में प्रयुक्त पारंपरिक हथियार की जानकारी समेत अन्य जरूरी जानकारी ली गयी। मौके पर सीओ प्रताप मिंज ने कहा प्रखंड क्षेत्र में सरहुल, ईद और रामनवमी के दिन निकलने वाली शोभा यात्रा को शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारा के साथ संपन्न कराने की अपील की।

# एसएसबी महानिदेशक ने झारखंड के डीजीपी से शिष्टाचार भेंट की

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बल मुख्यालय, एसएसबी नयी दिल्ली के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद (भापुसे) ने मंगलवार को झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता से पुलिस मुख्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में उग्रवाद और नक्सल समस्या पर दोनों के बीच विस्तृत बातचीत हुई। इसके बाद महानिदेशक ने 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, अनगडा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कैंपस में सबसे पहले पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर महानिदेशक ने वाहिनी में उपस्थित अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी और जवानों के साथ सह-भोज किया। उन्होंने जवानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना तथा उसका त्वरित समाधान भी किया। उन्होंने एसएसबी द्वारा कठिन परिस्थितियों में भी जवानों के उच्च कोटि के प्रदर्शन की सराहना की तथा कर्तव्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वाहिनी के कमांडेंट राजीव भट्ट के नेतृत्व में महानिदेशक को वाहिनी में जवानों के कल्याणकारी योजनाओं के तहत बने शिवाजी हाउस, शहीद चारू चंद्र पाठक पवेलियन, ऑफिसर्स मेस, प्रशासनिक कार्यालय आदि का भ्रमण कराया गया। मौके पर उप महानिरीक्षक मानवेंद्र नेगी, क्षेत्रक मुख्यालय गया। एसएसबी सहित अन्य अधिकारी/बलकर्मी उपस्थित थे।

# लापुंग : सरहुल पर्व हमारे पूर्वजों की विरासत में दी हुई संस्कृति : दुर्गा उरांव

**लापुंग के पोला में फुलखोंसी सह सरहुल मिलन समारोह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत के पोला गांव सरहुल फुलखोंसी सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पोला, तिलई, डुरू और शकरपुर गांव के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। समारोह की शुरूआत पाहन द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना से की गयी। इस दौरान मांदर की थाप पर आदिवासी समुदाय के युवक और युवतियां जम कर थिरके। साथ एक दूसरे को फुलखोंसी करते हुए अबीर गुलाल लगाकर एक दुसरे को सरहुल की बधाई दी गयी। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि देवगांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव ने कहा कि सरहुल पर्व में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। ऐसे आयोजनों से भाईचारगी भी बढ़ती है। सरहुल पर्व हमारे पुर्वजों की विरासत में दी हुई संस्कृति है। समारोह में विभिन्न गांवों से आयें पहान पुजार को सम्मानित किया गया दर्जनों लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पहान सनिका मुंडा, रेला उरांव, तेतरू उरांव, इंदरू उरांव महेंद्र उरांव, तेंबा उरांव करण उरांव, भीमा बारला, रत्नेश बरला बिंदेश्वर बारला, उमेश उरांव, संदीप मिंज, सुधीर उरांव, अनिश उरांव, खादी उरांव, चैतू उरांव, समेत ग्रामीणों का योगदान रहा।

## चुटूपालू में राम नवमी को लेकर कमेटी का गठन धनंजय बने अध्यक्ष

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। चुटूपालू के शिवमंदिर के प्रंगाण में रामनवमी को लेकर बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता विजय कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में विशेष रूप से रामनवमी त्योहार भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया और रामनवमी कमेटी की सर्वसम्मति से चुनाव किया गया, जिसमें अध्यक्ष धनंजय सिंह, सचिव अनुज कुमार शर्मा और कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता को बनाया गया। संरक्षक समिति में, संजय सिंह, सुरेंद्र सिंह (सिंधी), विनोद कुमार गुप्ता, अजय सिन्हा, हरेकृष्ण शर्मा (पोइजन), रौशन अग्रवाल (मोनू) और शिवमंदिर के पुजारी शिव मिश्रा को बनाया गया।

# अनगड़ा क्रिकेट लीग चैंपियन ट्रॉफी पर महेशपुर की टीम ने कब्जा जमाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा ।** लुपुंग विकास समिति के तत्वावधान में लुपुंग खेल स्टेडियम में आयोजित अनगड़ा क्रिकेट लीग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का खिताब महेशपुर की टीम ने जीत लिया। मंगलवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में महेशपुर की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रर्दशन करते हुए महुवाटुंगरी की टीम को को 5 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच शुरू कराया। बाद में विजेता टीम को नकद 50 हजार एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता को नकद 30 हजार एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर पारसनाथ उरांव ने कहा खेल हमारा जीवन का हिस्सा है। इसे अपनाकर बेहतर स्वास्थ्य के साथ साथ अपना कैरियर भी बना सकते हैं इसलिए युवा पीढ़ी अपने जीवन में खेल को अपना जीवन का हिस्सा बनाकर चलें।संचालन जीतबहांन महतो ने किया। मौके पर अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य बीरेंद्र सिंह भोगता, आतिश महतो, मार्शल महतो, सुर्यनारायण महतो, साहेबराम महतो, आशाराम महतो, मुखिया शान्ति देवी, कुन्ती कुमारी, अनुज कुमार, अमन चौधरी, पवन कुमार, प्रवीण महतो, सागर केशरी, अभिषेक कुमार, नवीन कुमार, विकी कुमार, रोहित, राहुल महतो, राजेश महतो, विजय महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में युवक गिरफ्तार

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी प्रखंड के कुंबाटोली गांव में एक 12 वर्षीय नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को आरजू तालिब उर्फ तनुवा नामक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़ित बच्ची के पिता ने अभियुक्त आरजू तालिब के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कराया। दर्ज मामले में आरोप लगाया गया है कि नाबालिग बकरी चराने खेत में गयी हुई थी। मौका देख अभियुक्त आरजू ने नाबालिग के साथ जबरन छेड़छाड़ करने लगा, जिसकी जानकारी नाबालिग ने अपने परिजनों को दी।

## बेड़ो के तीन गांवों के ग्रामीण बिजली के अभाव में अंधेरे में रहने को हैं विवश



बेड़ो (आजाद सिपाही)। बेड़ो विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण प्रखंड के तीन गांव मासु,मुड़ामु व हुलसी गांववासी पिछले पांच दिनों से अंधेरे में रहने को विवश हैं। शुक्रवार को आयी ओलावृष्टि व वर्षा से तीनों गांव में 5 से 6 पोल गिर गये हैं। पोल के गिरने से बिजली आपूर्ति बंद है। जिससे दर्जनों घर अंधेरे में डूबे हुए हैं।

## स्कार्पियो और ट्रक की टक्कर में एक की मौत, पांच घायल

नामकुम (आजाद सिपाही)। मंगलवार सुबह नामकुम के जमशेदपुर-रांची रोड रायसा मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें स्कार्पियो और ट्रक में जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे में स्कार्पियो चालक गुरुदयाल मुंडा (21) कोठा, बुंडू निवासी की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, आगे की सीट पर बैठा शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर थाना लाया और मामले की जांच में जुट गयी है।

## ओरमांझी में निकाला गया मंगलवारी जुलूस



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। पुजा समिति ओरमाझी द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में पहला मंगलवारी जुलूस शोभा यात्रा दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी से गाजे बाजे के साथ जय श्रीराम, बजरंग बली और हर हर महादेव की जयकारे लगाते हुए महिला, पुरुष और बच्चों में उत्साह देखा गया। जुलूस शंकर चौक, काली मंदिर,बाजार टांड होते हुए दुर्गा महादेव मंदिर पहुंची क शोभा यात्रा का विशेष आकर्षण राम लखन जानकी बजरंग बली रहे। जुलूस में शामिल महिलाओं और पुरूषों ने अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया गया। जुलूस के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो सचिव दीपक बडाईक, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, दिलीप मेहता, राजेश गुप्ता, शशि मेहता, संतोष कुशवाहा, सतीश बड़ाईक, आनंद महतो, सुरेश मेहता, रूपेश साहू, दीनदयाल लोहार मुंडा, कुंदन साहू, नीरज पांडेय सहित समिति के सभी पदाधिकारी सदस्य गण व ग्रामीण महिला पुरुषों का योगदान रहा ।

## थाना परिसर में ईद, रामनवमी पूजा और सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक



नगडी थाना परिसर में शांति समिति के बैठक में शामिल प्रशासनिक अधिकारी और शांति समिति सदस्य।

पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)। नगडी थाना परिसर में ईद, रामनवमी पूजा और सरहुल को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगडी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप संचालन नगडी अंचलाधिकारी राजेश कुमार, नगडी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय धन्यवाद ज्ञापन वरीय शांति समिति के सदस्य लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव ने किया। जिप सदस्य पूनम देवी नगडी प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत नगडी थाना प्रभारी अभिषेक राय सहित दर्जनों शांति समिति के सदस्यों ने तीनों पर्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कोई अपवाह या अशांति का आशंका होने पर आप नगड़ी थाना के मोबाइल नंबर 9431706176 पर संपर्क कर सूचना दे सकते हैं। मौके पर मुख्य रूप से प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, तपेशवर केसरी, केदार महतो, चुड़ामणि महतो, शहीद अहमद सहित कई दर्जनों शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## तरल नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी आधारित एक क्षेत्र दिवस का आयोजन




अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम छोटकीगोडांग में मंगलवार को इफ्को के द्वारा तरल नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी आधारित एक क्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के लगभग 100 किसानों ने भाग लिया। इस बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ राजेश कुमार के साथ इफ्को के प्रबंधक चंदन कुमार एवं सुशील कुमार, कुलदीप कुमार आदि उपस्थित हुए। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ राजेश कुमार ने किसानों को जैविक खेती के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यदि आप इस तरह की खेती करते हैं तो आपके घर एवं खलियान में उपस्थित सभी तरह के जैव अपशिष्ट का प्रयोग बिना किसी अतिरिक्त लागत के कर अच्छी और स्वस्थ खेती कर सकते हैं। आपका फसल भी अच्छा होगा और मिट्टी भी स्वस्थ और मजबूत होगा।

## चुटूपालू में रामनवमी भव्य रूप से मनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। चुटूपालू के शिवमंदिर के प्रंगाण में राम नवमी को लेकर बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता विजय कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में विशेष रूप से रामनवमी त्योहार भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया और रामनवमी कमेटी की सर्वसम्मति से चुनाव किया गया, जिसमें अध्यक्ष धनंजय सिंह, सचिव अनुज कुमार शर्मा और कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता को बनाया गया। संरक्षक समिति में, संजय सिंह, सुरेंद्र सिंह (सिंधी), विनोद कुमार गुप्ता, अजय सिन्हा, हरेकृष्ण शर्मा (पोइजन), रौशन अग्रवाल (मोनू) और शिवमंदिर के पुजारी शिव मिश्रा को बनाया गया।

